दिनांक : 15.03.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**मुख्य समाचार :-**

- उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई होली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया बढ़ा ऐलान।
- आज मनाया जा रहा उपभोक्ता अधिकार दिवस। जागरूकता के लिये किये जाएंगे कई आयोजन।
- भारत ने हासिल की नई उपलब्धि, विदेश मुद्रा भंडार में जबरदस्त वृद्धि।
- महिला प्रीमियर लिग क्रिकेट का फाइनल आज मुंबई में।
-

**अब समाचार विस्तार से:.**

होली - प्रदेश

रंगों का त्योहार होली कल पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस त्योहार का उत्साह, उमंग और उल्लास राज्य के हर शहर, गांव के हर कोने में दिखाई दिया। रंगों में सराबोर नागरिक कल सुबह से ही इस पर्व का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सुबह भोपाल, जबकि शाम को उज्जैन में होली मिलन सामारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा बड़नगर रोड़ स्थित, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में आयोजित ''होली के रंग - साधु संतो के संग'' कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराब-बंदी की जा रही है। हम संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं को बढ़ावा दे रहे है। दूध उत्पादन पर बोनस भी दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधु, संत, महंतों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा करे कि हम सबका परस्पर प्रेम और सौहार्द निरंतर यूं ही बढ़ता रहे। हम सभी एक-दूसरे के सुख-दुःख में साझेदारी करते हुए आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे को और मजबूत करें तथा सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।
उज्जैन की कालिदास अकादमी में एक अन्य कार्यक्रम विक्रमोत्सव में मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर बड़े पुरस्कार की घोषणा भी की।

उपभोक्ता अधिकार दिवस
आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देष्य उपभोक्ता अधिकारों और और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 का विषय है-''सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।'' इस मौके पर मध्यप्रदेष में भी अलग-अलग स्थानों पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

होली
विदिशा जिले में होली के दिन खास और समाज के लिए मिसाल साबित होने वाली खबर सामने आई है। जिले में होली और जुमा एक ही दिन पड़ने पर अमन और मोहब्बत का बेहतरीन उदाहरण पेश किया गया। मुस्लिम त्योहार कमेटी ने होली के जुलूस का स्वागत फूल बरसाकर किया और दुनिया को दिखाया कि विदिशा का दिल हर रंग से रंगा हुआ है। विदिशा मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष सोहेल बबलू ने कहा कि आज भी हमने यही दिखाया कि यह शहर अमन और भाईचारे का प्रतीक है।

केंद्रीय राज्य मंत्री उपकरण
केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उइके आज बैतूल जिला चिकित्सालय को प्राप्त चिकित्सकीय उपकरणों का लोकार्पण करेंगे। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय बैतूल को 97 लाख उनसठ हजार 431 लागत के चिकित्सकीय उपकरण प्रदान किए गए है। चिकित्सीय उपकरणों में विडियो एंडोस्कोपी मशीन, इकोकार्डियोग्राफी मशीन, टीएमटी मशीन, रोटी मेकर मशीन एवं मोर्चरी कैबिनेट शामिल हैं।

गेहूं एमएसपी

राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया जारी है। आगर मालवा जिले में गेहूं खरीदी का कार्य 15 मार्च से 05 मई 2025 तक किया जाएगा। इसके लिये जिले में 22 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति एवं आदेशों का पालन उपार्जन संस्थाओं, गोदाम संचालक द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

आदिवासी फाग उत्सव

खंडवा जिले के आदिवासी विकासखंड खालवा में होलिका दहन के बाद से पांच दिवसीय फाग उत्सव प्रारंभ हो गया है। इस उत्सव के दौरान ढोल-ढमाकों के साथ होली के गीतों पर युवा उत्साह से नृत्य करते हुए एक दूसरे को होली की बधाई देते हैं। आदिवासी बाहुल्य खालवा में होली पर गोंड एवं कोरकू समुदाय द्वारा यह उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान आदिवासी कलाकार आकर्षक वस्त्र धारण करके फगवा गीत गाकर नृत्य करते है।

भारत उपलब्धि

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सात मार्च को समाप्त हुये सप्ताह के दौरान 15 अरब 26 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई है। यह 6 खरब 53 अरब 96 करोड डॉलर से अधिक हो गया है। रिजर्व बैंक के  साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, भंडार की प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 13 अरब 93 करोड डॉलर से अधिक बढ़कर 5 खरब 57 अरब 28 करोड डॉलर से अधिक हो गई है। पिछले सप्ताह स्वर्ण भंडार भी एक अरब डॉलर बढ़कर 74 अरब 32 करोड डॉलर से अधिक हो गया। इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार 21 करोड 20 लाख डॉलर बढ़कर 18 अरब 21 करोड डॉलर तक पहुँच गया और अंतर्राष्ट्री य  मुद्रा कोष में रिजर्व बैंक की स्थिति 6 करोड 90 लाख डॉलर बढ़कर 4 अरब 14 करोड डॉलर से अधिक हो गई।

खतरनाक खरपतवारनाशी  सलाह

विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पर पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट (सफाया) का उपयोग न करें। किसान कम से कम पेस्टीसाइड्स का छिड़काव करें। खंडवा के कृषि उपसंचालक के.सी. वास्कले ने कहा कि फसल में अनुशंसित मात्रा में रसायनों का छिड़काव करें एवं रसायनों का अंधाधुंध उपयोग करने से बचें। बहुत आवश्यक हो तभी छिड़काव करें। एक ही कीटनाशक में अनेक न मिलाएं। आवश्यकता होने पर पहले से मिश्रित रसायनों का उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल ने बताया कि मूंग की फसल में प्रमुख कीटों, जैसे- चने की इल्ली, जैसिड, सफेद मक्खी, फली बेधक, और रस चूसने वाले कीटों को नियंत्रित करने के लिए जैविक कीटनाशकों जैसे नीम तेल, नीम की खली, धतूरा और आक का अर्क, छाछ आदि का छिड़काव कर सकते हैं। किसानों को जैविक खेती अपनाकर रसायनों पर निर्भरता कम करनी चाहिए, जिससे सतत कृषि और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके।

गल-चूल भगोरिया

पश्चिमी मध्य प्रदेश के  मालवा और निमाड़ अंचल में एक सप्ताह से चले आ रहे भगोरिया का रंगारंग समापन हो गया। आदिवासी   संस्कृति के लोक पर्व माने जाने वाले भगोरिया का धुरैंडी पर गल-चूल मेलों के साथ समापन हुआ। कल धार जिले के तिरला, दसई, भोपावर सहित अनेक स्थानों पर गल-चूल के मेले  और भगोरिया मेले लगे। गल-चूल के मेलों में आदिवासी समाज की परंपरा अनुसार मन्नत धारियों द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने पर कंडे की धधकती आग में चल कर और कई फिट ऊंचे मचान पर घूम कर गल-चूल की परंपरा का दिन में निर्वहन किया। वहीं देर शाम  से तड़के तक भगोरिया की धूम रही। तिरला  के गंगानगर में आयोजित गल-चूल और भगोरिया मेले में ढोल, मांदल की थाप, थाली की खनक, बांसुरी की मधुर तान के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने भगोरिया पर्व का उमंग, उत्साह के साथ पारंपरिक भगोरिया नृत्य कर आनंद लिया।

भारतीय ज्ञान परम्परा

राज्य के उच्च षिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि भारत का गौरवशाली इतिहास शौर्य, पराक्रम और ज्ञान का रहा है। भारत के पास अपना आर्थिक चिंतन एवं दर्शन रहा है, इसलिए भारत समृद्धशाली और सोने की चिड़िया कहलाता था। भारत अपने ज्ञान और विज्ञान के आधार पर विश्वमंच पर सिरमौर था और विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित था। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान हजारों साल पुराना है, जो आज विश्व भर में सर्वत्र झलक रहा है। भारतीय ज्ञान को सही परिप्रेक्ष्य में, तथ्यपूर्ण रूप से समाज के समक्ष रखने की आवश्यकता है। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने सही तथ्यों के साथ, भारतीय इतिहास में किए गए छल से मुक्त होने का अवसर दिया है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के क्रियान्वयन में, भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश महत्वपूर्ण है। पुस्तक लेखन में लेखकों का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, इसके लिए लेखकों में भारतीय दृष्टि की महती आवश्यकता है।

महिला प्रीमियर लीग

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में आज मुंबई इंडियंस का सामना डेल्हीय कैपिटल्सक से होगा। मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम सा साढ़े सात बजे शुरू होगा। मैग लैनिंग की कप्तानी में डेल्हीं कैपिटल्स ने आठ मैच में से पांच मैच जीते हैं। डेल्ही कैपिटल्स ने अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में जगह बनाई है। डेल्हीन कैपिटल्सस का यह लगातार तीसरा फाइनल है। टीम अभी तक चौंपियनशिप नहीं जीत सकी है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ------**

- गृहमंत्री अमित शाह आज असम में कई विकास योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वे अत्यांधुनिक लचित बारफूकन पुलिस अकादमी का उदघाटन करेंगे और पुलिस अकादमी की आवासीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। गृहमंत्री दोपहर में मिजोरम जायेंगे और असम राईफल्सा बेस को आइजोल से जोखावसांग स्थारनांतरित करने के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- मीजल्स रुबेला निर्मूलन के लक्ष्य के तहत खंडवा में 16 मार्च खसरा दिवस के अवसर पर 17 से 22 मार्च तक विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित होगा। इस दौरान एम.आर. टीके से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। मीजल्स रुबेला का पहला टीका 9 से 12 माह की आयु में तथा दूसरा टीका 16 से 24 माह की आयु में लगाया जाता है।

- शिवपुरी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक 19 मार्च को आयोजित की गई है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। इस बैठक में निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार के सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय पर विचार विमर्श होगा।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

**(1) होली- प्रदेश**

रंगों का त्योहार होली कल पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस त्योहार का उत्साह, उमंग और उल्लास राज्य के हर शहर, गांव के हर कोने में दिखाई दिया। रंगों में सराबोर नागरिक कल सुबह से ही इस पर्व का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सुबह भोपाल, जबकि शाम को उज्जैन में होली मिलन सामारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा बड़नगर रोड़ स्थित, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में आयोजित ''होली के रंग - साधु संतो के संग'' कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराब-बंदी की जा रही है। हम संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं को बढ़ावा दे रहे है। दूध उत्पादन पर बोनस भी दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधु, संत, महंतों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा करे कि हम सबका परस्पर प्रेम और सौहार्द निरंतर यूं ही बढ़ता रहे। हम सभी एक-दूसरे के सुख-दुःख में साझेदारी करते हुए आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे को और मजबूत करें तथा सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।
उज्जैन की कालिदास अकादमी में एक अन्य कार्यक्रम विक्रमोत्सव में मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर बड़े पुरस्कार की घोषणा भी की।

**(2) केंद्रीय राज्य मंत्री उपकरण**

केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उइके आज बैतूल जिला चिकित्सालय को प्राप्त चिकित्सकीय उपकरणों का लोकार्पण करेंगे। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय बैतूल को 97 लाख उनसठ हजार 431 लागत के चिकित्सकीय उपकरण प्रदान किए गए है। चिकित्सीय उपकरणों में विडियो एंडोस्कोपी मशीन, इकोकार्डियोग्राफी मशीन, टीएमटी मशीन, रोटी मेकर मशीन एवं मोर्चरी कैबिनेट शामिल हैं।

**(3) गल-चूल भगोरिया**

पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में एक सप्ताह से चले आ रहे भगोरिया का रंगारंग समापन हो गया। आदिवासी संस्कृति के लोक पर्व माने जाने वाले भगोरिया का धुरैंडी पर गल-चूल मेलों के साथ समापन हुआ। कल धार जिले के तिरला, दसई, भोपावर सहित अनेक स्थानों पर गल-चूल के मेले और भगोरिया मेले लगे। गल-चूल के मेलों में आदिवासी समाज की परंपरा अनुसार मन्नत धारियों द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने पर कंडे की धधकती आग में चल कर और कई फिट ऊंचे मचान पर घूम कर गल-चूल की परंपरा का दिन में निर्वहन किया। वहीं देर शाम से तड़के तक भगोरिया की धूम रही। तिरला के गंगानगर में आयोजित गल-चूल और भगोरिया मेले में ढोल, मांदल की थाप,

थाली की खनक, बांसुरी की मधुर तान के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने भगोरिया पर्व का उमंग, उत्साह के साथ पारंपरिक भगोरिया नृत्य कर आनंद लिया।

(4) **वन्य जीव पर्यटन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं और सरकार दृढ़ संकल्प के साथ वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव सहित जलीय जंतुओं के संरक्षण के लिए भी काम कर रही है। वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक कदम ओर बढ़ाते हुए अब प्रदेश में दो नए वन्य जीव अभयारण्य स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह नए वन्य जीव अभयारण्य ओंकारेश्वर एवं जहानगढ़ में स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 28वीं बैठक में 2 वन्य जीव अभयारण्य की स्थापना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के प्रभावी प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि प्रदेश में बाघ, तेंदुआ, चीता, हाथी, घड़ियाल के साथ-साथ विलुप्त होती प्रजाति के गिद्धों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। गत माह 17 से 19 फरवरी 2025 को हुई ताजा गिद्ध जनगणना के अनुसार प्रदेश में 12 हजार 981 गिद्ध पाए गए हैं। गिद्धों की संख्या बीते वर्ष में ही 19 प्रतिशत बढ़ी है।

(5) **राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने में अग्रणी राज्य है। इस शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों में चतुर्थ वर्ष को प्रथम बार संचालित किया गया है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त परिप्रेक्ष्य में भोपाल स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान ने, सर्वप्रथम 7वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। श्री परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान इसी प्रतिबद्धता के साथ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के ध्येय की पूर्ति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

.................

————————